एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोटक महिंद्रा बैंक, आरबीएल बैंक एक अगस्त से ट्रांजेक्शन के नियमों में कुछ बदलाव करेंगे. इनमें से कुछ बैंक कैश निकालने और जमा करने पर फीस वसूलेंगे तो कई मिनिमम बैलेंस की लिमिट बढ़ाने की तैयारी में हैं. मेट्रो और शहरी इलाकों में रहने वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सेविंग बैंक अकाउंट होल्डर्स को अब अपने अकाउंट में ज़्यादा मिनिमम बैलेंस रखना होगा. बैंक ने इन इलाकों में इसे बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया है. अब तक 1500 रुपये रखने पड़ते थे. खाते में इससे कम बैलेंस होने पर मेट्रो और शहरी इलाकों में 75 रुपये की पेनल्टी लगेगी. अर्धशहरी इलाकों की शाखाओं में पेनल्टी 50 रुपये और ग्रामीण शाखाओं में 20 रुपये रखी गई है.

एक्सिस बैंक के ग्राहकों को प्रति ईसीएस ट्रांजेक्शन पर 25 रुपये देने होंगे, पहले यह मुफ्त था. इसने एक सीमा से ज़्यादा लॉकर के एक्सेस पर भी चार्ज लगाने शुरू किए हैं. बैंक प्रति बंडल 100 रुपये की कैश हैंडलिंग फीस भी वसूलेगा. कोटक महिंद्रा बैंक के सेविंग्स और कॉरपोरेट सैलरी अकाउंट होल्डरों को हर महीने पांच मुफ्त ट्रांजेक्शन के बाद हर कैश विदड्रॉल पर 20 रुपये डेबिट कार्ड-एटीएम चार्ज देना होगा